DR.VIRENDRA SWARUP PUBLIC SCHOOL,KALYANPUR

SESSION-2021-22 Class: -6

DATE: -_______________ Subject: - Hindi Roll no: ______

NAME: -______________ Worksheet

सामान्य निर्देश:

***सभी प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए।**

***वर्कशीट का संपूर्ण कार्य हिंदी व्याकरण की पुस्तिका में हल किया जाएगा।**

***सुलेख पर विशेष ध्यान दीजिए।**

1-निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए-

केतकी, पगडंडी ,माँझी , सर्वभक्षी, प्रशस्त,भटक्यो, बहियन,काँवरि, साखि, सौंह, हलधरर, कालांतर ,ओदन, आत्मसात, पथिक, जिज्ञासा, भीटे, बहँगी, अखाद्य

2-रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए-

क) चंदनेश्वर का मंदिर --------- है।

ख) उड़ीसा के कृषक-----------मैं पानी भर कर लाते हैं।

ग) चिकने- चिकने पत्तों वाले----------यहाँ बहुतायत से पाए जाते हैं।

घ) बहँगी पर------------भी ढोई जा सकती हैं।

ड॰) बहुत छोटी सी देहाती हाट है जिसे---------कहते हैं।

च) बलराम का दूसरा नाम-----------भी है।

छ) श्री कृष्ण गाय चराने---------जाते थे।

ज) बाल- लीला के कवि का नाम---------है।

झ) श्री कृष्ण के माता- पिता का नाम------------ -------------है।

3-निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

क) दीघा के लोगों का जीवन कैसा है?

ख) 'नींद कुरी'किसे कहते हैं?

ग) दूर तक फैला हुआ बालू का रेगिस्तान कहाँ है?

घ) मछलियों को जहाज में भरकर कहाँ ले जाया जाता था?

ड•) मटर के दानों के आकार का प्याज कहाँ बिकता था?

च) उड़ीसा के कृषक पीने के लिए किस पानी का प्रयोग करते हैं?

छ) माता यशोदा कृष्ण को सुबह-सुबह कहाँ भेज देती है?

ज) दूसरे पद में 'महर' शब्द का क्या अर्थ है?

झ) श्री कृष्ण बाल सखाओं के क्या नाम थे?

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

4 (क)श्री कृष्ण गायों को चराने के लिए माँ यशोदा से क्यों जिद करते हैं?

ख) माता यशोदा श्री कृष्ण की किन बातों पर हँसती हैं ?

ग) श्री कृष्ण माता यशोदा से किस बात की सौगंध खाते हैं?

घ) दीघा के आसपास कौन-कौन सी वनस्पतियाँ हैं? वनस्पतियों के नाम बताइए ।

ड•) अनंतकाल से मनुष्य को कौन आकर्षित करता रहा है? पाठ के आधार पर बताइए।

च) लेखक को कैसे पता चला यह वन प्राकृतिक नहीं है ? प्राकृतिक वनों की क्या विशेषता होती है?

छ) मानव की सभ्यता का विस्तार कब और कहाँ से हुआ?

ज) माखन चोरी करते हुए पकड़े जाने पर श्री कृष्ण क्या सफाई देते हैं? अपने शब्दों में लिखिए।

(मूल्यपरक प्रश्न)

5. (क) जब माता-पिता हमें किसी कार्य को करने की अनुमति नहीं देते तो उसमें भी वह हमारा भला ही सोचते हैं कैसे? अपने विचार लिखिए।

ख) यदि मन में दृढ़ निश्चय और ज्ञान की लालसा- जिज्ञासा हो तो कुछ भी पाना- खोजना असंभव नहीं। अपने विचार लिखिए।

6-निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए-

मैया हौं गाइ चरावन जैहौं।
तू कहि महर नंद बाबा सौं, बड़ों भयो ना डरैहौं।
रैता, पैता, मना, मनसुखा, हलधर संगहि रैहौं।
बंसीबट तर ग्वालिन कै संग, खेलत अति सुख पैहौं।
ओदन भोजन दै दधि काँवरि,भूख लगे तै खैहौं।
'सूरदास' है साखि जमुन-जल, सौंह देहुँ जु नहैहौं।।

(रचनात्मक कार्य)

7- पेड़ पौधे हमारे जीवन दाता है -इस विषय पर 150 शब्दों में अपने विचार लिखिए।
8- आपका कोट स्कूल में खो गया है-इसके लिए एक सूचना- पत्र तैयार कीजिए।
9- भारत के प्रसिद्ध समुद्र तटों के नाम उनके चित्रों के साथ लिखिए।
10-निम्नलिखित चित्र को देखकर चित्र वर्णन कीजिए।